





# तहसीलदार ने किया धान खरीदी केंद्रों का दौरा

## किसानों से की मुलाकात, व्यवस्थाएं रही दुरुस्त

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 10 दिसंबर। शासन के निर्देशा अनुसार अजयगढ़ तहसील में धान खरीदी केंद्र में किसनो की धान खरीदी जा रही है जो प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियो के माध्यम से पूरी तहसील में 6 केंद्र स्थापित किए गए हैं।**

जिसमें हरदी शांनगुरैया पडरहा धरमपुर मझगांय अजयगढ़ मैं धान खरीदी जाना है किसानों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की जहां का पंजीयन है वहां पर अपनी धान तुलाई के लिए किसान लेकर पहुंच रहे हैं जिसका तहसीलदार सुरेंद्र कुमार द्वारा राजापुर खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया एवं किसानों से मुलाकात की और उनसे धान खरीदी केन्द्र के विषय में चर्चा की धान खरीदी केंद्रों पर किसानों को सुविधा मिल रही है



या नहीं तोलने में सहकारी समितियों के द्वारा गड़बड़ी तो नहीं की जा रही है किसानों को छाया रुकने पानी की व्यवस्थाएं हैं या नहीं तहसीलदार सुरेंद्र कुमार वहां पर उपस्थित सभी किसानों से मिले और काफी देर तक धान तोलने की प्रक्रिया का जायजा लेते रहे और उपस्थित किसानों से सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से भी मिलकर उन्होंने खरीदी केंद्रों के बारे में जानकारी हासिल की जिस पर उपस्थित किसानों द्वारा तहसीलदार सुरेंद्र कुमार को बताया गया की खरीदी केन्द्र राजापुर में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं है सभी किसान अपने नंबर के मुताबिक हम्मालो द्वारा धान तुलाई की जा रही है। तहसीलदार द्वारा किसानों से कहा गया कि अगर तुलाई केन्दो पर किसी प्रकार की कोई असुविधा या परेशानी या समिति वाले अनावश्यक किसानों को परेशान करें तो वह सीधे आकर हमसे शिकायत करें व उनकी शिकायतों का तुरंत निराकरण किया जाएगा एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के कर्मचारियों को भी निर्देशित किया गया कि किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी धान तुलाई में नहीं हो उनकी सुविधाओं का ध्यान रखें। तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने बताया कि तहसील के अंतर्गत सभी धान खरीदी केंद्रों पर नियमित रूप से आकस्मिक निरीक्षण किया जाता रहेगा और किसनो की सुविधाओं को पहले प्राथमिकता दी जाएगी किसी भी धान खरीदी केन्द्र में किसान परेशान ना हो पाए आसानी से उनकी धान की तुलाई हो सके।

## विशेष गहन पुनरीक्षण पर राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित

पन्ना 10 दिसंबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार की अध्यक्षता में गत मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पन्ना में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 के संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे एवं निर्वाचक पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे सहित जिले के प्रमुख राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को स्वच्छ, निष्पक्ष और समावेशी बनाने के लिए राजनैतिक दलों के साथ समन्वय स्थापित करना था। सभी उपस्थित दलों ने इस प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक की कार्यवाही, पंचनामा, फोटोग्राफऔर मिनिट्स 11 दिसम्बर को निर्वाचन कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

# सांसद चंद्रशेखर रावण के बयान पर अजयगढ़ क्षेत्र में आक्रोश

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 दिसंबर। गत दिनों दतिया जिले के इंदरगढ़ में आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर रावण द्वारा प्रदेश के विवादित आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के समर्थन में यह कहा गया कि यदि प्रदेश सरकार संतोष वर्मा के खिलाफ कोई कार्यवाही करती है तो हर घर से संतोष वर्मा निकलेंगे संतोष वर्मा एक विवादित अधिकारी है उनके ऊपर कई प्रकरण चल रहे हैं।**

न्यायालय के साथ धोखाधड़ी भी कर चुके हैं 6 माह जेल भी रह चुके हैं महिलाओं ने भी उनके साथ धोखाधड़ी का आरोप लगाकर के थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी एक जाति विशेष खासकर ब्राह्मण समाज की बेटियों के बारे में भी अपमानजनक बयान बाजी कर चुके हैं ऐसे व्यक्ति के समर्थन में सांसद चंद्रशेखर क्या सिद्ध करना चाहते हैं इस तरह की बयान बाजी करके समाज में जातिगत विवाद पैदा करना चाहते हैं सामाजिक एकता को नष्ट करना चाहते हैं आखिर हर घर से संतोष वर्मा जैसी विवादित अधिकारी क्यों निकलना चाहिए स्वामी विवेकानंद डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सरदार वल्लभभाई पटेल चंद्रशेखर आजाद सरदार भगत सिंह अशफाक उल्ला खान सुखदेव राजगुरु रामप्रसाद बिस्मिल खुदीराम बोस जैसे राष्ट्रवादी विचारक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी निकलना चाहिए ऐसे व्यक्तित्व निकालना चाहिए जो समाज को सही दिशा दे सके समाज को विवाद पैदा करने वाले व्यक्ति नहीं चाहिए ना संतोष वर्मा जैसे ना सांसद चंद्रशेखर जैसे उक्त उद्गार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिषद के अध्यक्ष श्री राम पाठक ने चंद्रशेखर रावण सांसद नगीना लोकसभा क्षेत्र उत्तर प्रदेश द्वारा विवादित आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के समर्थन में दिए गए बयान पर व्यक्त किया श्री पाठक ने चंद्रशेखर पर सामाजिक विवाद पैदा करने प्रदेश का शांतिपूर्ण वातावरण नष्ट करने का भी आरोप लगाया। सांसद चंद्रशेखर रावण द्वारा संतोष वर्मा का समर्थन किए जाने पर अजयगढ़ क्षेत्र के एडवोकेट राकेश कुमार गर्ग रामलीला समिति के संरक्षक संजय कुमार सुल्लेरे इंद्रपाल शुक्ला गोपाल स्वरूप तिवारी राजेंद्र तिवारी रमेश शुक्ला राम भवन मिश्रा भोला गौतम अनिल मिश्रा ठाकुर मलखान सिंह संतोष कुमार मिश्रा रामकिशोर तिवारी सिंहपुर अरविंद द्विवेदी शीतल शुक्ला राजा पाठक उमाशंकर तिवारी नीतू त्रिवेदी परशुराम ब्रिगेड के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल मिश्रा विकास मिश्रा सुशील मिश्रा ने गहरा आक्रोश जताया है और प्रदेश सरकार से सांसद चंद्रशेखर रावण और आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# नवीन बीएलओ की नियुक्ति

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 दिसंबर। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पन्ना विधानसभा संजय कुमार नागवंशी द्वारा नवसृजित मतदान केन्द्रों के लिए नवीन बीएलओ की नियुक्ति की गई है।**

जिसके तहत मतदान केन्द्र पड़रहा में लक्ष्मण प्रसाद अहिरवार, कुंवरपुर में रामकुमार कोंदर, पाठा में वारिश अली खान, नारायणचुआ में जीतेन्द्र कुमार कोंदर, भारतपुर में श्यामसुन्दर पटेल, बीहरसरवरिया में महेश कुमार पटेल, छतैनी में रामावतार सिंह, नगर परिषद अजयगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 172 में संतोष कुमार प्रजापति एवं 173 में रमेश कुमार प्रजापति, मोहनपुरवा वार्ड नं. 23 भाग 3 में दुर्गा शर्मा, दरेरा में शिवलोचन प्रसाद कुशवाहा, मड़ला भाग 2 में कौशिल्या कोंदर, कूड़न में रामजी मिश्रा, टपरियन में रामलगन पटेल, झरकुआं में शिवप्रताप चनपुरिया, बांधीकला में रमाकांत तिवारी, इटवाकलां में प्रभुदयाल लोधी, ठाकुरनपुरा में रीना पाल, बाबूपुर में मनोज कुमार मंडल, भमका में संतोष कुमार कोरी, हाटूपुर में जाबिर खान, गजना में देवराज मिश्रा, भसूड़ा भाग 2 में संजय खरे, हरद्वाही में रविशंकर मिश्रा तथा कोठीकला में रमेश त्रिपाठी को बीएलओ नियुक्त किया गया है।

# तीन बड़ी चोरियों की घटनाओं का किया खुलासा

## तीन चोर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 दिसंबर। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन मे गठित पुलिस टीम द्वारा पन्ना शहर में हाल ही में हुई तीन बड़ी चोरी की घटनाओं का खुलासा किया गया है।**

पुलिस टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से कुल 96,000/- का चोरी गया मशरूका जप्त कर न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र मे हुई तीन बड़ी चोरियो का खुलासा किया गया है जिनमें फरियादिया निवासी इन्द्रपुरी कॉलोनी पन्ना ने दिनांक 26 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके किराए के घर में



दो नकाबपोश आरोपी घुसकर अलमारी तोड़कर लगभग 20,000/- मूल्य का पुराना मंगलसूत्र चोरी कर ले गए। दूसरी चोरी की घटना जिसमें फरियादी योगेन्द्र सिंह परमार की मोटर साईकिल उनके घर के बाहर से दो अज्ञात चोर ताला तोड़कर ले गए। तीसरी चोरी की घटना जिसमे फरियादी की कबाड़ की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लगभग 50-60 किलो तांबा-पीतल (कीमत करीब 50,000/-) चोरी कर ले गए। टीआई कोतवाली पन्ना रोहित मिश्रा के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र की सूचना के आधार पर तीनों आरोपियों को चिन्हित कर पकड़ा गया।

पूछताछ में आरोपियों ने तीनों घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया, जिसके आधार पर चोरी गया मशरूका बरामद कर आरोपियों इसरार खान उर्फचिलम खान, उम्र 20 वर्ष, निवासी बीड़ी कॉलोनी पन्ना, शेख शाहिद उर्फमोहम्मद चाँद, उम्र 19 वर्ष, निवासी सतना, रिजवान खान, उम्र 22 वर्ष, निवासी बीडी कॉलोनी पन्ना को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा सभी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# कमिश्नर की अध्यक्षता में बैठक 12 दिसम्बर को

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 दिसंबर। पन्ना राष्ट्रीय उद्यान एवं पन्ना गंगऊ अभ्यारण्य के ईको सेंसिटिव जोन एवं पन्ना टाईगर रिजर्व स्थानीय सलाहकार समिति के संबंध में कमिश्नर सागर की अध्यक्षता में 12 दिसम्बर को मड़ला स्थित कर्णावती सभागार में बैठक का आयोजन किया गया है।**

विदित हो कि भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की 11 सितम्बर 2023 की अधिसूचना के तहत पन्ना राष्ट्रीय उद्यान एवं पन्ना गंगऊ अभ्यारण्य में ईको सेंसिटिव जोन घोषित किया गया है। इसका प्रकाशन असाधारण राजपत्र में 5 जून 2024 को किया गया, जिसके तहत ईको सेंसिटिव जोन के मॉनिटरिंग कमेटी की द्वितीय बैठक शुक्रवार को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। इसमें नेशनल पार्क के सेंसिटिव जोन अंतर्गत आने वाले होटल, रिसोर्ट निर्माण व संचालन सहित जोन से संबंधित अन्य मुद्दों के संबंध में चर्चा होगी। इसी तरह पर्यटन सुविधाओं के विकास व उनसे संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए अपरान्ह 3 बजे से संभागायुक्त की अध्यक्षता में गठित स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक भी होगी।

# भौतिक शास्त्र विभाग का पहला पीएचडी वाइवा आयोजित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 दिसंबर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर के लिए आज का दिन एक ऐतिहासिक उपलब्धि वाला रहा। विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग और विज्ञान संकाय का प्रथम पीएचडी वाइवा आज सृजनशाला सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**

यह शोध प्रबंध शोधार्थी हिमांशु अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस महत्वपूर्ण अकादमिक सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय



के कुलपति प्रो. राकेश कुशवाह ने की। हिमांशु अग्रवाल ने अपना शोध कार्य पर्यवेक्षक डॉ. एन.के. पटेल और सह-पर्यवेक्षक डॉ. आर.पी. कुम्हार के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। वाइवा के लिए बाह्य परीक्षक के रूप में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, दतिया के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. एस.सी. कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**सौर ऊर्जा दक्षता और स्थिरता पर केंद्रित था शोध:-** शोधार्थी हिमांशु अग्रवाल के शोध का विषय कम्प्यूटेशनल स्टडीज फॉर एनहांसिंग एफिशिएंसी एंड स्टेबिलिटी ऑफसोलर सेल्स था। अपने प्रस्तुतीकरण के दौरान हिमांशु ने शोध में कम्प्यूटेशनल कार्यों की महत्ता को विस्तार से समझाया।

उन्होंने बताया कि सौर सेल विकसित करते समय उसकी स्थिरता एक प्रमुख कारक होती है। उन्होंने अपने शोध परिणामों को साझा करते हुए इस क्षेत्र में भविष्य की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। प्रस्तुति के पश्चात बाह्य परीक्षक और उपस्थित विद्वानों ने शोध से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका शोधार्थी ने स्पष्ट और संतोषजनक उत्तर दिया।

## गरीब महिलाओं को बांटे कंबल

**पन्ना 10 दिसंबर।** जिला प्रशासन के सौजन्य से गत दिवस मनौर में गरीब, विधवा एवं असहाय महिलाओं को कंबल का वितरण किया गया। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं एसडीएम संजय कुमार नागवंशी ने जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित किए। इस दौरान शीतऋतु में ठंड से बचाव के लिए आवश्यक उपाय बरतने की सलाह भी दी गई।

## डीएलसीसी बैठक 18 को

**पन्ना 10 दिसंबर।** त्रैमास की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक शमा बानो द्वारा बैठक में सर्वसंबंधितों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

# पन्ना सरस्वती विद्यालय में कॉलेज चलो अभियान आयोजित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 दिसंबर। आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में कॉलेज चलो अभियान के कार्यक्रम जारी हैं। इसी श्रृंखला में 10 दिसंबर को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पन्ना में छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस) की टीम ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।**

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी के निर्देशन तथा नोडल अधिकारी डॉ. बी. एन. जायसवाल के मार्गदर्शन




में संपन्न हुआ। महाविद्यालय की ओर से डॉ. आर. एम. दत्ता एवं डॉ. अरविंद निषाद ने उपस्थित होकर कक्षा 12 के विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020), महाविद्यालय में संचालित विषयों एवं पाठ्यक्रमों, छात्रवृत्ति योजनाओं, उच्च शिक्षा विभाग की योजनाओं तथा ई-प्रवेश प्रक्रिया की क्रमवार जानकारी दी।

# पवई नगर के प्रसिद्ध व्यापारी संतोष जैन बने भारतीय व्यापार परिसंघ के ब्लॉक अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**पवई 10 दिसम्बर। भारतीय व्यापार परिसंघ( क्लैट ) के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल की अनुमति और जिला प्रभारी मनीष दोषाज की अनुशंसा पर बुधवार को पवई नगर के प्रसिद्ध व्यापारी और नव भारत के वरिष्ठ पत्रकार संतोष जैन वार्ड क्रमांक एक भारतीय व्यापार परिसंघ क्लैट का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।**

आपके ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर नगर के सभी व्यापारियों में हर्ष का माहौल व्याप्त है। सभी के द्वारा उन्हें बधाईयां प्रेषित की जा रही है। सभी ने उन्हें मिठाई खिला कर बधाई दी। इस अवसर पर नगर के व्यापारी मधु गुलाब सोनी, पंकज गुप्ता, गणेश डेंगरे, संदीप खरे,बद्दे ताम्रकार, अनूप छिलौल्या, बलराम छिरौल्या, रविन्द्र अग्रवाल, लखन सेठिया, पुनीत सोनी, दीपक सोनी, राकेश पाठक, अजित जैन, अजित बड़ोलिया, मनोज जयसवाल, अभिषेक अग्रवाल, अनूप शुक्ला, विनय शंकर सिंह अजय श्रीवास्तव , अजित जैन झंडाबाजार , दिनेश जैन, अनिल जैन , राकेश देंगरे , मोनू नगायच ,भइयन नगायच , सुरेन्द्र सिंह देव सिंह सज्जन नगायच संतोष सिंह विजय जैन निक्की जैन सहित पवई के समस्त व्यापारी बंधुओ ने बधाइयां प्रेषित की

## सलाहकार समिति की कल


पन्ना 10 दिसंबर। भारत के राजपत्र, असाधारण में भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना द्वारा पन्ना राष्ट्रीय उद्यान एवं पन्ना (गंगऊ) अभयारण्य के ईको सेंसिटिव जोन घोषित किया गया हैं, जो भारत के राजपत्र असाधारण में दिनांक 05 जून 2024 को प्रकाशित हुई है। पन्ना राष्ट्रीय उद्यान एवं पन्ना (गंगऊ) अभयारण्य के ईको सेंसिटिव जोन के मॉनिटरिंग कमेटी की द्वितीय बैठक कमिश्नर सागर की अध्यक्षता में दिनांक 12 दिसम्बर को कर्णावती सभागार सुबह 11.00 बजे मड़ला में आयोजित की गई। उपरोक्त बैठक में पन्ना टाइगर रिजर्व के ईको सेंसिटिव जोन अन्तर्गत आने वाले होटल/रिसोर्ट के निर्माण/संचालन एवं ईको सेंसिटिव जोन संबंधित अन्य मुद्दो के संबंध में चर्चा की जावेगी।

# फिर चमकी किस्मत मिला 10 लाख का हीरा

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 दिसंबर। रत्नगर्भा धरती पन्ना लगातार हीरे जैसा बहुमूल्य रत्न उगल रही है। दो दिन मे लगभग 70 लाख के हीरे प्राप्त हो गये।**

जिसमें 8 दिसंबर को दो दोस्तों द्वारा लगाई गई कृष्णा कल्याणपुर पटी खदान मे लगभग 60 लाख का हीरा प्राप्त हुआ था वहीं आज फिर से कृष्णा कल्याणपुर की पटी खदान मे ही राजेंद्र सिंह निवासी खजुराहो को 3.39 कैरेट का हीरा मिला है। जिसकी बाजारू कीमत लगभग 10 लाख बताई गई है। राजेंद्र सिंह को जून 2025 मे हीरा



खदान का पट्टा मिला था तब से वे खदान चलाते आ रहे हैं जिन्हें आज हीरा मिल गया। जिससे वे काफी खुश नजर आये।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की संशोधित समय-सारणी जारी

पन्ना 10 दिसंबर। भारत निर्वाचन आयोग ने सेवा मतदाताओं से संबंधित निर्वाचन सूची के अंतिम भाग की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की संशोधित समय-सारणी जारी कर दी है। यह पुनरीक्षण एक जनवरी 2026 की योग्यता तिथि के आधार पर किया जा रहा है।

आयोग ने 4 नवम्बर 2025 के अपने पूर्व आदेश को निरस्त करते हुए नई समय-सारणी अधिसूचित की है, जिसे मध्यप्रदेश सहित 12 राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश के लिए लागू किया गया है। समय सारणी अंतर्गत निर्वाचन सूची के अंतिम भागों का प्रारंभिक प्रकाशन 16 दिसम्बर को किया जाएगा।

## पांच किलो गांजा सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 दिसंबर। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) लिये पाये जाने पर 03 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है।**

टीआई पन्ना को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति 02 पिट्ठू बैग में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) बेचने के लिये मोटर साइकिल से देवेन्द्रनगर तरफसे पन्ना आ रहे हैं। मुखबिर के बताये अनुसार डी टी अस्पताल पन्ना के सामने पन्ना देवेन्द्रनगर रोड पर पहुँचकर कुछ देर बाद देवेन्द्रनगर तरफसे एक अपाचे मोटर साइकिल में 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुये दिखे। पूँछताछ पर संदेहियो ने अपना-अपना नाम पता सुरेन्द्र सिंह यादव पिता रामबगस यादव निवासी देवेन्द्रनगर जिला पन्ना (म.प्र.), रवि अहिरवार पिता रामकिशोर अहिरवार निवासी वार्ड नम्बर 04 देवेन्द्रनगर जिला पन्ना (म.प्र.), दीपा कुशवाहा निवासी आगरा मोहल्ला पन्ना, पुलिस टीम को बताया गया। पुलिस टीम द्वारा संदेही व्यक्तियो के पिट्ठू बैग की तलाशी लिये जाने पर दोनो बैग अलग-अलग 02-02 पैकेट में कुल वजनी करीब 5 किलो 700 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) पाया गया। आरोपिया को पन्ना से गिरफ्तार किया जाकर तीनो आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली पन्ना में धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# छत्रसाल कॉलेज में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 दिसंबर। प्रधानमंत्री कॉलेज आफएक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में डॉ एस डी चतुर्वेदी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ मनोज शुक्ला के निर्देशन में महाविद्यालय में विश्व मानवाधिकार दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया।**

इस विशेष अवसर पर एन एस एस इकाई द्वारा एक सार्थक परिचर्चा सत्र आयोजित किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मानवाधिकार हर व्यक्ति की गरिमा सम्मान और समानता का आधार है युवाओं को इन अधिकारों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है



ताकि वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सके। परिचर्चा कार्यक्रम में डॉ राजेश पटेल ने विश्व मानवाधिकार दिवस के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डालते हुए मानवाधिकारों की 30 मूल धाराओं शिक्षा के अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, महिलाओं बच्चों के अधिकार और सामाजिक न्याय पर अपने विचार रखें। डॉ डी पी कुशवाहा ने कहा कि 1948 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपनाई गई मानवाधिकार घोषणा हमारे जीवन को सुरक्षित और स्वतंत्र बनाती है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ पियूषा शर्मा ने कहा कि अधिकार तभी सार्थक है जब हम उनके साथ अपने कर्तव्यों को भी समझे। आज की पीढ़ी जागरुक है और ऐसे आयोजन युवाओं को संवेदनशील नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।

# शहरी भूमिहीन व्यक्तियों को मिलेगा आवासीय भूमि का पट्टा

नवभारत न्यूज

पन्ना 10 दिसंबर। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार 31 दिसम्बर 2020 की स्थिति में शासकीय, नगर पालिका अथवा विकास प्राधिकरणों की भूमि पर वास्तविक रूप से निवासरत भूमिहीन एवं आवासहीन गरीब व्यक्तियों को आवासीय भूमि का पट्टा प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। यह लाभ राजस्व विभाग द्वारा मान्य भूमि संबंधी दस्तावेज के आधार पर निर्धारित तिथि को भूमि पर कब्जा रखने वाले व्यक्ति को प्रदान किया जाएगा। स्वयं अथवा परिवार के किसी सदस्य के नाम पर भूमि अथवा मकान का स्वामित्व नहीं रखने वाले व्यक्तियों को ही अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवासीय पट्टों का वितरण होगा। शासन के निर्देशानुसार पात्र हितग्राहियों के चयन के लिए सर्वेक्षण की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। साथ ही सर्वेक्षण दलों का गठन भी किया गया है। प्रारंभिक सर्वेक्षण सूची पर आपत्तियां और सुझावों पर निर्णय के लिए भी जिला मुख्यालय के नगरीय क्षेत्र के लिए कलेक्टर तथा अन्य नगरीय क्षेत्रों के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय टीम गठित की गई है। सर्वेक्षण दल द्वारा गत 20 नवम्बर से सर्वेक्षण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। 13 दिसम्बर तक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। 14 दिसम्बर को प्रारंभिक तथा 29 दिसम्बर को अंतिम सर्वेक्षण सूची प्रकाशित की जाएगी। जिले में पट्टा प्रदान करने के लिए भी समय सारणी जारी की गई है, जिसके तहत वांछित कार्यवाही पूर्ण कर 4 जनवरी से 20 फरवरी तक पट्टो का वितरण किया जाएगा।

**नगरीय निकायवार सर्वेक्षण दल गठित:-** कलेक्टर ऊषा परमार ने नगरीय क्षेत्र में पट्टा वितरण कार्रवाई के लिए नगरीय निकायवार दल का गठन किया गया है। साथ ही भूमिहीन व्यक्तियों को आवासीय भूमि के पट्टे दिए जाने के लिए पारदर्शिता के साथ संपूर्ण कार्यवाही के संपादन तथा समुचित प्रचार-प्रसार के संबंध में निर्देशित किया गया है। नगरीय निकायों के वार्ड समूहवार तहसीलदार को दल प्रमुख बनाया गया है। इस दल में राजस्व निरीक्षक, पटवारी, उपयंत्री और वार्ड प्रभारी भी शामिल हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को वार्डवार वांछित कार्यवाही के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुभाग पन्ना अंतर्गत नगरीय निकायों में सर्वेक्षण के लिए गठित दल की बैठक गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना द्वारा ली गई। इस मौके पर एसडीएम संजय कुमार नागवंशी ने नगरीय निकाय पन्ना, देवेन्द्रनगर एवं ककरहटी के दल के सदस्यों को नियमानुसार समय सीमा में वार्डवार सर्वेक्षण पूर्ण कर सर्वेक्षण सूची 14 दिसम्बर के पूर्व विभागीय वेबसाइट में अपलोड करने के निर्देश दिए।